सालासर जाउगा महिमा तेरी गाऊगा

सालासर जाउगा महिमा तेरी गाऊगा,
सालासर वाले की ज्योति जगाऊंगा
बाबा बड़ा है दातार बाला जी को सारा जग जाने,

सालासर वाले धाम तेरे मैं पैदल चल के आउगा,
बाबा तेरे चरणों में शीश मैं अपना झुकाउ गा ,
मुझको तेरा ही सहारा मैं बाबा सेवक तेरा,
नाचू मैं गाऊगा सबको बताऊगा,
दोनों हाथो से मैं ताली बजाउ गा,
बाबा बड़ा है दातार बाला जी को सारा जग जाने,
सालासर जाउगा महिमा तेरी गाऊगा...

बाबा तुम्हारे चरणों में चैन हमे जो मिलता है,
गाते है जो नाम तेरा इतना ही सुख मिलता है,
बाबा तेरा गन गाये हर दम तुझको मनाये,
बिगड़ी बनता है दुखड़े मिटाता है,
मैंने भजा है कई बार बाला जी को सारा जग जाने,
सालासर जाउगा महिमा तेरी गाऊगा....

सालासर वाले बाला प्रभु तेरी लीला न्यारी है,
बाबा पवन कुमार हो तुम तेरी महिमा भारी है,
बाला आराधना करके चरणों में शीश तेरे धर के,

झांकी सजाउ गा तुम को मनाऊ गा सालासर वाले मैं तुझको रिजाऊ गा,
माला जपु गा सो बार मेरा बाबा मेरा,
सालासर जाउगा महिमा तेरी गाऊगा........

Source:
https://www.bharattemples.com/salasar-jauga-mahima-teri-gauga-salsar-vale-ki-joti-jagau-ga/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw